BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 10 अप्रैल, 2025 **थाना जहांगीराबाद**

हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से अवैध असलहा कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.03.2025 को थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बांसुरी निवासी निखिल पुत्र दिनेश सिंह की बाइक सवार बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके संबंध में मृतक के पिता दिनेश सिंह की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 133/25 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 10.04.2025 को थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त पंकज को गिरफ्तार किया गया हैं तथा अभियुक्त की निशादेही से आलाकत्ल तमंचा भी बरामद कर लिया गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि दिनांक 24.03.2025 को उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त 1. राहुल व 2. सोनिया उर्फ सोनू को आलाकत्ल पिस्टल व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीराबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- पंकज पुत्र स्व0 महेश महतो निवासी ग्राम मेठी थाना गायघाट जनपद मुजफ्फरपुर बिहार ।
वर्तमान पता- प्लाट नं0 190C KH 23/1 प्रेमनगर, कश्मीरी कालोनी नजफगढ़ थाना छावला दक्षिण पश्चिम नई दिल्ली।

बरामदगी-

1. 01 तमंचा 32 बोर मय 03 जिंदा, 01 खोखा कारतूस (आलाकत्ल)

हत्या का कारणः- गिरफ्तार अभियुक्त पंकज मूल रुप से बिहार का रहने वाला है तथा दक्षिण पश्चिम नई दिल्ली में थाना छावला क्षेत्रान्तर्गत प्लाट नं0 190C KH 23/1 प्रेमनगर, कश्मीरी कालोनी नजफगढ़ में किराये के मकान में रहता था। उसके पास के ही मौहल्ले में सोनिया उर्फ सोनू भी रहती थी जिससे उसकी दोस्ती हो गयी थी। सोनिया उर्फ सोनू की बुआ की शादी थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बांसुरी में हुई थी तथा उसका वहां आना-जाना था। करीब दो वर्ष पूर्व उसके फुफेरे भाई दिनेश की लड़की उसके साथ चली गयी थी जिसके संबंध में थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 240/23 धारा 363, 366 भादवि व ¾ पोक्सो एक्ट पंजीकृत हैं, जिसमें वह जेल चली गयी थी। इसी दौरान उसके भाई आकाश की हत्या हो गयी थी जिसमें मृतक निखिल का भाई तरुण सहित 05 लोग जेल में हैं। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद उसने अपने भाई आकाश की मौत का बदला लेने के लिए अपने दोस्त पंकज, भाई राहुल एवं अन्य के साथ मिलकर फुफेरे भाई दिनेश व उसके लड़के निखिल की हत्या की योजना बनाई तथा योजनानुसार दिनांक 21.03.2025 को वह बाइक पर अपने दोस्त पंकज के साथ ग्राम बांसुरी आयी तथा आसपास घुमकर अपने फुफेरे भाई दिनेश व उसके लड़के निखिल का घर से निकलने का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद निखिल साईकिल चलाकर रोड़ पर आया तो उन्होंने निखिल को रोक लिया तथा गोली मारकर निखिल की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गये।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री महेन्द्र कुमार त्रिपाठी थाना प्रभारी जहांगीराबाद
2. व0उ0नि0 स्वदेशपाल सिंह, उ0नि0 संजीव कुमार
3. का0 सुखवेन्द्र सिंह, का0 रामपाल शर्मा, का0 विनय कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर